# जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर

क्रमांक:जीवि/परीक्षा-2/गोपनीय/2025/2649 दिनांक : 22.05.2025

प्रति,

प्राचार्य,
सम्बंधित महाविद्यालय
जीवाजी विश्वविद्यालय परिक्षेत्र

**विषयः- परीक्षा केन्द्र को परीक्षा संचालन शुल्क जमा कराने बाबत्।**

महोदय,

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि विश्वविद्यालयीन परीक्षाओं हेतु विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा केन्द्र बनाये गये थे। उपरोक्त परीक्षा केन्द्रों द्वारा सूचित किया गया है कि कुछ महाविद्यालयों द्वारा पूर्व का बकाया परीक्षा संचालन शुल्क संबंधित परीक्षा केन्द्र पर जमा नहीं किया गया है। ऐसे महाविद्यालय के प्राचार्यों को छात्र संख्या अनुसार ₹188.00 रू0 प्रति छात्र परीक्षा संचालन शुल्क परीक्षा केन्द्र पर जमा करना था। इस सम्बंध में समस्त प्राचार्यों को पूर्व में भी पत्र प्रेषित किये जा चुके हैं।

अतः आपको अंतिम बार निर्देशित किया जाता है कि आप अपने महाविद्यालय के छात्रों का पूर्व का बकाया परीक्षा संचालन शुल्क ₹188.00 प्रति छात्र की दर से सम्बंधित परीक्षा केन्द्र पर तत्काल जमा कर नोडॅयूज प्राप्त करें तथा नोड्यूज की प्रति विश्वविद्यालय की लेखा शाखा में जमा करें। यदि ऐसे महाविद्यालयों के द्वारा सम्बंधित परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा संचालन शुल्क की राशि जमा नहीं की जाती है तो उन महाविद्यालयों की आगामी सत्र (2025-26) के लिये सम्बद्वता पत्र रोके जाने की कार्यवाही की जायेगी, जिससे सत्र 2025-26 में महाविद्यालय में छात्रों के प्रवेश प्रभावित हो सकते हैं जिसकी समस्त जिम्मेवारी महाविद्यालय प्राचार्य/संचालक की होगी।

**परीक्षा नियंत्रक**

**प्रतिलिपिः-**

1. अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा विभाग कार्यालय ग्वालियर चम्बल संभाग, ग्वालियर।
2. अधिष्ठाता, महाविद्यालयीन विकास परिषद, जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर की ओर इस आशय के साथ कि नियमानुसार कार्यवाही करें।
3. माननीय कुलगुरू के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर।
4. कुलसचिव के निजी सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर।

**सहायक-कुलसचिव (परीक्षा)**